# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001
फोन : 07752–220033, 214204 फैक्स 07752–260294 ई–मेल : bilaspur.university2012@gmail.com
Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 527 / गोपनीय / 2016 बिलासपुर, दिनांक 01.10.2016

प्रति,

प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– पूरक परीक्षा–2016 के समय–सारणी के संबंध में।

––0––

बी.ए. / बी.एस.सी / बी.कॉम.. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. / बी.एस.सी. (गृह–विज्ञान) कक्षाओं की पूरक परीक्षा–2016 दिनांक 17 / 10 / 2016 से आयोजित की जावेगी। उपरोक्त कक्षाओं की समय–सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। कृपया समय–सारणी की एक प्रति महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर छात्रों को सूचित करें।

**संलग्नः– पूरक परीक्षा–2016 समय–सारणी।**

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
बिलासपुर विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ.क्र. / 528 / गोपनीय / 2016 बिलासपुर, दिनांक 01.10.2016

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति / कुलसचिव जी के निज सहायक को माननीय कुलपति / कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. वित्ताधिकारी, बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा / भंडार) बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी / कक्ष अधीक्षक, गोपनीय एवं परीक्षा विभाग को सूचनार्थ।
5. संपादक,...................................... को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ की इस अधिसूचना को छात्र हित में समाचार वृत्त के रुप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)

Govt. TCL P.G. College
Janjgir (C.G.)

# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**BILASPUR VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**

वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1345 / गोपनीय / 2017 दिनांक 18.11.2017

## –::अधिसूचना::–

बिलासपुर विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक / 2311 / परीक्षा / 2017 बिलासपुर दिनांक 03.11.2017 द्वारा पूरक परीक्षा–2017 की समय–सारणी घोषित की गई थी। बी.कॉम भाग–1, 2 एवं 3 की समय–सारणी में अनिवार्य एवं अतिरिक्त विषयों के प्रश्नपत्रों की परीक्षा की तिथि एवं समय एक साथ होने के कारण महाविद्यालयों की मांग पर छात्र हित में बी.कॉम भाग–1, 2 एवं 3 के अतिरिक्त विषयों के प्रश्नपत्रों की परीक्षा की तिथि एवं समय में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है–

### SUPPLEMENTARY EXAMINATION-2017
### REVISED TIME TABLE

TIME 01:00 PM TO 04:00 PM

| CLASS/COURSE | REVISED DATE OF EXAMINATION | DAY | PAPER | SUBJECTS |
|---|---|---|---|---|
| B.COM. PART-I | 23.11.2017 | THURSDAY | I | COMPUTER FUNDAMENTAL AND OFFICE AUTOMATION |
| | 25.11.2017 | SATURDAY | II | COMPUTERIZED FINANCIAL ACCOUNTING |
| B.COM. PART-II | 23.11.2017 | THURSDAY | I | INTERNET APPLICATION AND e-COMMERCE |
| | 25.11.2017 | SATURDAY | II | RELATIONAL DATABASE MANAGEMENT SYSTEM |
| B.COM.PART-III | 23.11.2017 | THURSDAY | I | PROGRAMMING IN VISUAL BASIC |
| | 25.11.2017 | SATURDAY | II | SYSTEM ANALYSIS DESIGN AND MIS |

टीप :–

1. परीक्षा कार्यक्रम जारी होने के पश्चात शासन / स्थानीय प्रशासन द्वारा अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा यथावत होगी।
2. प्रश्नपत्र का क्रम विश्वविद्यालय के सुविधानुसार होंगे।
3. **बी.कॉम. भाग–1, 2 एवं 3 के सभी अनिवार्य प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं पूर्व अधिसूचना में जारी समय–सारणी के अनुसार यथावत संपन्न होंगे।**

Handey 18.11.17

**परीक्षा नियंत्रक**

पृ. क्रमांक / 1346 / गोपनीय / 2017 दिनांक 18.11.2017

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव जी के सादर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष, समस्त पूरक परीक्षा केन्द्र को सूचनार्थ। कृपया परीक्षार्थियों को सूचित करें एवं सूचना पटल पर चस्पा करावें।

18.11.2017

Govt. TCL P.G. College Janjgir (C.G.)

**सहायक कुलसचिव (गोपनीय)**

# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
**BILASPUR VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**

वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक / 1347 / गोपनीय / 2017

दिनांक 20.11.2017

## –::अधिसूचना::–

बिलासपुर विश्वविद्यालय की अधिसूचना कमांक / 2311 / परीक्षा / 2017 बिलासपुर दिनांक 03.11.2017 द्वारा पूरक परीक्षा–2017 की समय–सारणी घोषित की गई थी। बी.ए. भाग–1, 2 एवं 3 की समय–सारणी में अनिवार्य एवं अतिरिक्त विषयों के प्रश्नपत्रों की परीक्षा की तिथि एवं समय एक साथ होने के कारण महाविद्यालयों की मांग पर छात्रहित में बी.ए. भाग–1, 2 एवं 3 के अतिरिक्त विषयों के प्रश्नपत्रों की परीक्षा की तिथि एवं समय में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है–

## SUPPLEMENTARY EXAMINATION-2017
## REVISED TIME TABLE

TIME 01:00 PM TO 04:00 PM

| CLASS/COURSE | REVISED DATE OF EXAMINATION | DAY | PAPER | SUBJECTS |
|---|---|---|---|---|
| B.A. PART-I | 25.11.2017 | SATURDAY | I | COMPUTER FUNDAMENTAL AND OFFICE AUTOMATION |
| | 27.11.2017 | MONDAY | II | COMPUTERIZED FINANCIAL ACCOUNTING |
| B.A. PART-II | 25.11.2017 | SATURDAY | I | INTERNET APPLICATION AND e-COMMERCE |
| | 27.11.2017 | MONDAY | II | RELATIONAL DATABASE MANAGEMENT SYSTEM |
| B.A. PART-III | 25.11.2017 | SATURDAY | I | PROGRAMMING IN VISUAL BASIC |
| | 27.11.2017 | MONDAY | II | SYSTEM ANALYSIS DESIGN AND MIS |

टीप :–

1. परीक्षा कार्यक्रम जारी होने के पश्चात शासन / स्थानीय प्रशासन द्वारा अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा यथावत होगी।
2. प्रश्नपत्र का क्रम विश्वविद्यालय के सुविधानुसार होंगे।
3. **बी.ए. भाग–1, 2 एवं 3 के सभी अनिवार्य प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं पूर्व अधिसूचना में जारी समय–सारणी के अनुसार यथावत संपन्न होंगे।**

20.11.17

परीक्षा नियंत्रक

पृ. क्रमांक / 1348 / गोपनीय / 2017

दिनांक 20.11.2017

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव जी के सादर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष, समस्त पूरक परीक्षा केन्द्र को सूचनार्थ। कृपया परीक्षार्थियों को सूचित करें एवं सूचना पटल पर चस्पा करावें।

20.11.17

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

Govt. TCL P.G. College Janjgir (C.G.)

# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
## BILASPUR VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 511 / परीक्षा–गोपनीय / 2018

दिनांक 15.10.2018

## –::अधिसूचना::–

विधानसभा चुनाव–2018 के प्रशिक्षण कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों में संलग्न होने एवं छात्र–छात्राओं की सहभागिता, चुनावी कार्य एवं अधिसूचित मतदान तिथि में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने की संभावना और निर्वाचन संबंधी निर्वाचन आयोग एवं शासन के आदेश / निर्देश का परिपालन सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अधिसूचना कमांक / 431 / परीक्षा–गोपनीय / 2018 दिनांक 17.09.2018 द्वारा जारी पूरक परीक्षा–2018 की अनंतिम समय–सारणी के अनुसार दिनांक 22.10.2018 से प्रस्तावित पूरक परीक्षा को स्थगित करते हुए **पूरक परीक्षा–2018 की अंतिम समय–सारणी (FINAL TIME TABLE)** विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

बिलासपुर विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा–2018 के स्नातक पाठ्यक्रमों (बी.ए. / बी.एससी. / बी.कॉम. / बी.एच.एससी. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. भाग–1, 2, 3) के परिणाम जारी होने के उपरांत निर्धारित तिथि तक पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन हेतु जिन परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया है, ऐसे परीक्षार्थी पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी होने के पश्चात पूरक घोषित होने पर विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से जारी अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन कर परीक्षार्थी विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल **http://exam.bucgexam.in** से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

समस्त संबद्ध महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की अधिसूचना कमांक / 429 / परीक्षा–गोपनीय / 2018 दिनांक 17.09.2018 द्वारा अधिसूचित पूरक परीक्षा केन्द्र एवं संलग्न महाविद्यालयों का अवलोकन कर लेवें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार समय–सारणी।**

आदेशानुसार

15.10.2018

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

पृ. क्रमांक / 512 / परीक्षा–गोपनीय / 2018

दिनांक 15.10.2018

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. कुलसचिव, बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव (गोपनीय / वित्त / भंडार), बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त पूरक परीक्षा केन्द्र एवं संबद्ध महाविद्यालय को सूचनार्थ। कृपया समय–सारणी की एक प्रति सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकनार्थ चस्पा करावें।
6. संपादक, दैनिक..................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

15.10.2018

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

BU/AR Conf./Letters/2018

Govt. TCL P.G. College Janjgir (C.G.)

# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)
www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक / 539 / परीक्षा–गोपनीय / 2018 बिलासपुर, दिनांक 13.11.2018

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**विषयः– मुख्य परीक्षा–2018 के पुर्नमूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों के प्रवेश के संबंध में।**

संदर्भः– छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग का प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत 2018–19

––00––

विषयांतर्गत सत्र 2017–18 की मुख्य परीक्षा–2018 की स्नातक परीक्षाओं के पुर्नमूल्यांकन परिणाम घोषित कर दिये गये हैं/किये जा रहे हैं। छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत 2018–19 की कंडिका 2.3 के अनुसार "**विधि संकाय के अतिरिक्त अन्य संकायों के पुर्नमूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों को पुर्नमूल्यांकन परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति के अनुमति के पश्चात् गुणानुक्रम में आने पर प्रवेश की पात्रता होगी।**"

माननीय कुलपति महोदय द्वारा पुर्नमूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत की कंडिका 2.3 के अनुसार प्रवेश देने के संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य को अधिकृत किया गया है। अतः आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रवेशित छात्र/छात्राओं की जानकारी विश्वविद्यालय को अनुमोदनार्थ प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

आदेशानुसार

(हस्ताक्षर) 13.11.2018

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक / 540 / परीक्षा–गोपनीय / 2018 बिलासपुर, दिनांक 13.11.2018

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय/कुलसचिव जी के सादर सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ
3. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, बिलासपुर के सादर सूचनार्थ।

(हस्ताक्षर) 13.11.2018

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)


Govt. TCL P.G. College Janjgir (C.G.)

**छत्तीसगढ़ शासन**
**उच्च शिक्षा विभाग**
**छत्तीसगढ़ के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत**
**सत्र 2018–2019**

1. **प्रयुक्ति :–**

1.1 ये मार्गदर्शक सिद्धांत छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों मे छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 के तहत अध्यादेश क्रमांक 6 एवं 7 के प्रावधान के साथ सहपठित करते हुए लागू होंगे तथा समस्त प्राचार्य इनका पालन सुनिश्चित करेंगे।

1.2 प्रवेश के नियमों को शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों को कड़ाई से पालन करना होगा। "प्रवेश से आशय स्नातक कक्षा के प्रथम वर्ष अथवा प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर कक्षा के पूर्व अथवा प्रथम समेस्टर से है।

2. **प्रवेश की तिथि :–**

2.1 **प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करना :–**

आवेदक द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्राचार्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, समस्त प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित दिनांक तक महाविद्यालय में जमा किये जाएंगे। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि की सूचना महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सूचना पटल पर कम से कम सात दिन पूर्व लगाई जायेगी। प्रवेश हेतु बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची प्रदान न किये जाने की स्थिति में पूर्व संस्था के संबंधित प्राचार्य द्वारा प्रमाणित किये जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन पत्र जमा किये जावें।

2.2 **प्रवेश हेतु अंतिम तिथि निर्धारित करना :–**

स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर 15 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं तथा 31 जुलाई तक कुलपति की अनुमति से प्राचार्य प्रवेश देने में सक्षम होंगे। (स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की तिथि 01 जून से तथा अन्य कक्षाओं हेतु 16 जून से प्रांरभ होगा) परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने की स्थिति में प्रवेश की अंतिम तिथि महाविद्यालय में परीक्षा परिणाम प्राप्त होने की तिथि से 10 दिन तक अथवा विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिन तक, जो भी पहले हो मान्य होगी। कंडिका 5.1 (क) में उल्लेखित, कर्मचारियों के स्थानांतरित होने पर प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद प्रवेश चाहने वाले उनके पुत्र–पुत्रियों को स्थान रिक्त होने पर ही सत्र के दौरान प्रवेश दिया जाये किन्तु इसके लिए कर्मचारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना एवं आवेदक का प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व अन्य महाविद्यालय में प्रवेश होने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जायेगा।

**स्पष्टीकरण :–**

आवेदक "क" ने किसी अन्यत्र स्थान (अ) के महाविद्यालय में नियमानुसार किसी कक्षा मे प्रवेश लिया था। उसके बाद उसके पालक का स्थानांतरण स्थान "ब" में हो गया, इस स्थान (ब) के किसी महाविद्यालय में अब वह प्रवेश लेना चाहता है, रिक्त स्थान होने पर ही उसे प्रवेश दिया जायेगा। आवेदक "ख" ने स्थान (अ) में जहां उसके पालक कार्यरत थे, किसी भी

P.G. College Janjgir (C.G.)

महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया किन्तु पालक के स्थान (ब) पर स्थानांतरण होते ही, स्थान (ब) के किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, अतः अब प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि निकल जाने के बाद आवेदक (ख) को प्रवेश नहीं दिया जा सकता।

2.3 **पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित करना :–**

विधि संकाय के अतिरिक्त अन्य संकायों के पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों को पुनर्मूल्यांकन के परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक, संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति की अनुमति के पश्चात् गुणानुक्रम में आने पर प्रवेश की पात्रता होगी। किन्तु विधि संकाय की कक्षाओं में गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश की पात्रता होने पर भी महाविद्यालय में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश दिया जायेगा। 12 वीं कक्षा में पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को भी स्थान रिक्त होने पर नियमित प्रवेश की पात्रता होगी।

3. **प्रवेश संख्या का निर्धारण :–**

3.1 महाविद्यालयो में उपलब्ध साधनों तथा कक्षा में बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरण/उपयोग योग्य सामग्री एवं स्टाफ की उपलब्धता आदि के आधार पर पूर्व में दी गई छात्र संख्या (सीट) के अनुसार ही विभिन्न कक्षाओं के लिए छात्रों को प्रवेश दिया जावेगा। यदि प्राचार्य महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र संख्या में सीट की वृद्धि चाहते हैं तो वे 30 अप्रैल तक अपना प्रस्ताव उच्च शिक्षा संचालनालय को प्रेषित करें तथा "उच्च शिक्षा संचालनालय /उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त होने पर ही बढे हुए स्थान के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही करें।"

3.2 विधि स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाओं में बार कौंसिल द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अधिकतम 80 विद्यार्थियों को ही प्रति सेक्शन (अधिकतम 4 सेक्शन) में प्रवेश गुणानुक्रम के आधार पर दिया जावे। सम्बद्ध विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक कक्षा के लिए अध्यापन के विषय/विषय समूह का निर्धारण किया गया है। प्राचार्य अपने महाविद्यालयों में उन्हीं निर्धारित विषय/विषय समूह में निर्धारित प्रवेश सख्या के अनुसार ही प्रत्येक कक्षा में आवेदकों को प्रवेश देंगे।

4. **प्रवेश सूची :–**

4.1 प्राचार्य द्वारा प्रवेश शुल्क जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि की सूचना देते हुए, प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की अर्हकारी परीक्षा में प्राप्तांकों एवं जहां अधिभार देय है, वहां अधिभार देकर कुल प्राप्तांकों की गुणानुक्रम सूची, प्रतिशत अंक सहित, सूचना पटल पर लगाई जायेगी।

4.2 प्रवेश समिति द्वारा आवश्यक संलग्न प्रमाण पत्रों की प्रतियों को मूल प्रमाण पत्रों से मिलान कर प्रमाणित किये जाने एवं स्थानांतरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति जमा करने के पश्चात् ही प्रवेश शुल्क जमा करने की अनुमति दी जायेगी। प्रवेश देने के तत्काल बाद स्थानांतरण प्रमाण–पत्र पर "प्रवेश दिया गया" की मोहर लगाकर उसे रद्द करना चाहिये।

Govt. TCL P.G. College ★ Janjgir (C.G.) ★

**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001
ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1055 / परी.नि.गोप. / 2019 दिनांक 14.10.2019

## –:: अधिसूचना::–

––00––

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा विभिन्न कक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी किये जा चुके है। पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश के मार्गदर्शिका सिद्धांत सत्र 2019–2020 की कंडिका 2.3 के अनुसार परिणाम घोषित होने के 15 दिनों तक प्रवेश की पात्रता गुणानुक्रम में आने पर होगी। महाविद्यालय ऐसे प्रवेशित छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित कर अनुमोदन प्राप्त कर लेवें।

आदेशानुसार

**परीक्षा नियंत्रक**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 1056 / परी.नि.गोप. / 2019 दिनांक 14.10.2019
प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। अधिसूचना की एक प्रति महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकनार्थ चस्पा करावें।
3. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / अकादमी / वित्त) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. कक्ष प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. संपादक / संवाददाता, दैनिक.......................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि छात्रहित में इस विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**परीक्षा नियंत्रक**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

Govt. T.C.L. P.G. College ★ Janjgir (C.G.) ★

# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक/1056/परी.नि.गोप./2019 दिनांक 15.10.2019

## –::अधिसूचना::–

—00—

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा स्नातक कक्षाओं की पूरक परीक्षा–2019 की समय–सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in पर जारी की जा रही है। समस्त स्नातक कक्षाओं की पूरक परीक्षा–2019 में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि समय–सारणी का अवलोकन कर लेवें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार समय–सारणी।**

आदेशानुसार

15/10/19

**परीक्षा नियंत्रक**

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,

बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/1057/परी.नि.गोप./2019 दिनांक 15.10.2019

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति/कुलसचिव महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ। कृपया समय–सारणी की एक प्रति महाविद्यालय सूचना पटल पर छात्र/छात्राओं के अवलोकनार्थ चस्पा करावें।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/अकादमी/भंडार), अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
5. संपादक/संवाददाता, दैनिक............................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि छात्रहित में इस विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**परीक्षा नियंत्रक**

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,

बिलासपुर (छ.ग.)